समाज के गौरव
लेफ्टीनेण्ट
श्री अनिरुद्ध कुमार जैन

'जननी जन्म भूमिश्चस्वर्गादपि गरीयसी' अर्थात माता और मातृ भूमि स्वर्ग से भी महान है किन्तु जिनमें देशभक्ति की भावना बलवती है, ऐसे वीर पुरुष मातृभूमि को माता से भी अधिक श्रेष्ठता प्रदान करते है, क्योंकि माता की सुरक्षा मातृभूमि के सुरक्षित होने में ही है।

देश प्रथम है, शेष दोयम है। देश है तो सब कुछ है। धर्म है, संस्कृति है। देश की गोद में ही धर्म और संस्कृति संरक्षण पाते हैं। इसीलिये देश और देश भक्ति महान है। **जिये तो देश के लिये, मरें तो देश के लिये।**

देशभक्ति की यह भावना विरल लोगों में ही पाई जाती है, उन विरलों में से एक है लेफ्टीनेण्ट अनिरुद्ध कुमार जैन। देशभक्ति से प्रेरित हो आपने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) पूना एवं भारतीय सेना अकादमी (आईएमए) देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपको 8 दिसम्बर 2012 से नियमित सेना में लेफ्टीनेण्ट के रैंक से प्रतिष्ठापित एवं नियुक्त किया है। वर्तमान में आप अरुणाचल प्रदेश में पदस्थ होकर देश की सेवा कर रहे हैं। आप विद्वान एवं कवि पं. लालचंद्र जैन 'राकेश' के पौत्र एंव इंजी. अनिलकुमार–रेखा जैन, भोपाल के सुपुत्र है।

आपकी इस सफलता एवं समाज को गौरवान्वित करने के उपलक्ष्य में आपको अनेक संस्थाओं और सामाजिक जनों ने बधाईयां देते हुए आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है। गोलालारीय दर्शन परिवार की ओर से आपको हार्दिक बधाईयां।

विवाहोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ

सिंघई श्री जीवनधर–सरोज जैन की सुपौत्री एवं श्री विजय–आशा जैन, इन्दौर की सुपुत्री **डॉ. मोनिका जैन** का शुभ विवाह 26 अप्रैल 2013 को **इंजी. अनघ जैन** सुपौत्र श्री बाबूलाल–श्रीदेवी जैन, सुपुत्र श्री अतुल–मणि जैन भोपाल के साथ संपन्न हुआ।

गोलालारीय दर्शन परिवार आपको नवदामपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कर मंगलमय जीवन की कामना करता है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित...

डॉ. सुनील जैन पंचरत्न
के सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई

आपने इन संस्थाओं में भी विशेष योगदान दिया है –

अध्यक्ष – श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंधन समिति
पूर्व जिलाध्यक्ष – भारतीय जनता पार्टी
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य – भा.ज.पा. (म.प्र.)
जिलाध्यक्ष – भारतीय रेडक्रास सोसायटी
पूर्व जिलाध्यक्ष – रोट्री इंटरनेशनल क्लब

निवेदक – सकल दिगम्बर जैन समाज डिण्डोरी

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के अपने है, सम्पादक मण्डल का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है । किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।

स्वामी श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास के लिए प्रकाशक, मुद्रक बाहुबली जैन द्वारा प्रकाशित प्रतीक्षा ग्राफिक्स127, देवी अहिल्या मार्ग इन्दौर से मुद्रित एवं ग्राफिक्स ज़ील कम्प्यूटर एंड ग्राफिक्स 356, तिलक नगर श्री गोलालारीय दि. जैन समाज न्यास, 64, न्यू देवास रोड़, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित